दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 29 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के श्रोताओं के साथ विचार साझा करेंगे।

02. प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का घर–घर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है।

03. नगर निकाय चुनावों में बासठ प्रतिशत से अधिक मतदान। पहली बार शुरू की गई ई–वोटिंग सुविधा के तहत सत्तर प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने डाले वोट। मतगणना कल होगी।

04. और, प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ तेईसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ सभी मतदाताओं की पात्रता की पुष्टि के लिए बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया है। यह सफलता पूर्वक चल रहा है। इसमें सतहत्तर हजार आठ सौ से अधिक बीएलओ के साथ–साथ नए मतदान केंद्रों के लिए लगभग बीस हजार छह सौ तीन अतिरिक्त बूथ लेवल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। पुनरीक्षण के दौरान एक लाख से अधिक स्वयंसेवक भी विशेष रूप से वृद्ध, बीमार, दिव्यांग व्यक्तियों, गरीबों और अन्य कमजोर समूहों की मदद करेंगे।  निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत घर घर जाकर नए गणना फॉर्म दिये

जा रहे हैं। प्रदेश की दो सौ तैंतालीस विधानसभा क्षेत्रों में सात करोड़ अस्सी लाख से अधिक मतदाता हैं। उनसे संपर्क किया जा रहा है। एस एम एस के माध्यम से भी संदेश दिए जा रहे हैं। नए गणना फॉर्म को भौतिक फॉर्म के साथ–साथ ऑनलाइन भरने की भी कार्रवाई शुरू की गयी है।

———————————————————————————

प्रदेश में मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया है कि इस प्रक्रिया के जरिए मतदाताओं से मतदान का अधिकार छीनने की कोशिश की जा रही है। इधर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने तेजस्वी यादव पर मतदाता सूची के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। श्री जायसवाल ने कहा कि मतदान की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राजद की मानसिकता संविधान विरोधी है। श्री सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव सांवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी राजद के आरोपों को निराधार बताया है।

———————————————————————————

प्रदेश में कल छह नगर पंचायतों में आम चुनाव और छत्तीस अन्य नगर निकायों में उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, लगभग बासठ दशमलव चार–एक प्रतिशत मतदान हुआ। इस चुनाव में पांच सौ अड़तीस उम्मीदवार मौदन में थे। वोटों की गिनती कल होगी। निकाय चुनाव में नौ उम्मीदवार र्निविरोध निर्वाचित हो चुके हैं, जबकि तीन पदों पर उच्च न्यायालय के आदेश के कारण निर्वाचन स्थगित कर दिया गया है। एक सौ इक्कीस वार्ड पार्षद, सात मुख्य पार्षद और आठ उपमुख्य पार्षद के लिए कल मतदान हुआ। देश में पहली बार बिहार में मोबाईल एप के जरिए ई–वोटिंग हुई, जिसके लिए पचास हजार से ज्यादा मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। पंजीकृत सत्तर प्रतिशत से अधिक लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

———————————————————————————

आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए राज्य निर्वाचन आयुक्त दीपक प्रसाद ने कहा कि ई–वोटिंग से मतदान सत्तर प्रतिशत से अधिक रहा।

———बाईट———

70 पर्सेंटज हमारी ई–वोटिंग से हुए और 54 पर्सेंटज के करीब मतदान केंद्र पर लोगों ने दिया तो इसका यह की ई–वोटिंग को लोगों ने काफी सराह उन्होंने काफी वेलकम किया यह सारे ने आयाम को और उनकी भागीदारी बहुत बढ़–चढकर रही है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि भविष्य में ई–वोटिंग सिस्टम मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहायक होगा।

–––बाईट–––

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य में जल्द ही बयालीस हजार छह सौ नौ सिपाहियों की बहाली की जायेगी। मुख्यमंत्री पटना के बापू सभागार में नवचयनित इक्कीस हजार से अधिक पुलिस कर्मियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री कुमार कहा कि नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गयी है और जुलाई महीने में लगभग बीस हजार सिपाहियों की लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी।

———————————————————————

इधर, मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा है कि वैशाली जिले के राघोपुर और उसके आस–पास के दियारा क्षेत्रों के विकास की सम्भावना की तलाश के लिए एक समिति गठित की गयी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि यह कमिटी सभी पहलुओं पर अध्ययन कर कार्य योजना तैयार करेगी। वहीं, मुख्यमंत्री ने पटना जिले के बख्तियारपुर में सीढ़ी घाट का निरीक्षण करते हुये कहा कि उनकी पहल के परिणाम स्वरूप गंगा नदी घाट के किनारे लौटी है।

———————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की ओर से आज नालंदा के राजगीर में बहुजन भीम संकल्प समागम का आयोजन किया जा रहा है। इसे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान संबोधित करेंगे। इधर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से गयाजी के गांधी मैदान में परिसीमन सुधार महारैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद उपेन्द्र कुशवाहा संबोधित करेंगे।

———————————————————————

पटना के गांधी मैदान में आज वक्फ बचाओं संविधान बचाओं सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन इमारत–ए–सरिया और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड समेत कई अन्य संगठनों ने किया है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की। श्री मोदी ने कहा कि आप भारत से भले ही बहुत दूर हैं, लेकिन करोडों भारतीयों के दिल के बेहद करीब हैं। उन्होंने कहा कि आपकी यात्रा एक नए युग की शुरूआत है। उन्होंने कैप्टन शुक्ला को उनके मिशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

———बाईट———

अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने के लिए मैं आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मैं ज्यादा समय नहीं ले रहा हूं तो सबसे पहले तो यह बताइए वहां सब कुशल मंगल है। आपकी तबीयत ठीक है। जी प्रधानमंत्री जी बहुत–बहुत धन्यवाद आपकी विशेज का और 140 करोड़ मेरे देशवासियों के विशेज का मैं यहां बिल्कुल ठीक हूं सुरक्षित हूं आप सब के आशीर्वाद और प्यार की वजह से बहुत अच्छा लग रहा है। बहुत नया एक्सपीरियंस है यह। और कहीं ना कहीं बहुत सारी चीजें ऐसी हो रही हैं जो दर्शाती हैं कि मैं और मेरे जैसे बहुत सारे लोग हमारे देश में और हमारा भारत किस दिशा में जा रहा है।

———————————————————————————

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आज कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की सम्भावना है। वहीं, राज्य के दक्षिण और उत्तर–पश्चिम भागों के एक दो स्थानों पर गरज के साथ बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक अंठावन मिलीमीटर बारिश गयाजी जिले के बोधगया में दर्ज की गयी।

———————————————————————————

राजधानी पटना के ज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय आम महोत्सव का आज समापन होगा। महोत्सव में आम के विभिन्न प्रभेदों की प्रदर्शनी के साथ ही रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस मोहत्सव का थीम है– पुराने बागों का जीर्णोद्धार, भावी पीढ़ियों को उपहार।

———————————————————————————

भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में वैश्विक स्तर पर इकसठ प्रतिशत की तुलना में अठहत्तर प्रतिशत की कमी दर्ज की है। संयुक्त राष्ट्र बाल मृत्यु दर अनुमान रिपोर्ट वर्ष दो हजार चौबीस के अनुसार, नवजात मृत्यु दर में भी वैश्विक स्तर पर चौवन प्रतिशत की तुलना में, सत्तर प्रतिशत की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत ने टीकाकरण में सुधार पर निरंतर ध्यान देने के

साथ, वंचित आबादी तक पहुँचने के लिए एक सक्रिय और समावेशी दृष्टिकोण अपनाया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

केन्द्र सरकार ने देश में टीकाकरण के दायरे को बढावा देने को प्राथमिकता दी है, ताकि बच्चो को घातक बीमारियों से बचाया जा सके। मिशन इंद्रधनुष के माध्यम से, स्वास्थ्य कर्मी देश के दुरदराज इलाकों में पहुंच रहे है ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित ना रहे। सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत, लगभग तीन करोड़ गर्भवती महिलाओं और दो करोड़ 60 लाख शिशुओं को प्रतिवर्ष मुफ्त टीकाकरण प्रदान किया जाता है। सरकार के इन्ही प्रयासों को नतीजा है कि, देश की कुल आबादी में, बिना टीका लगे, जीरो डोज वाले बच्चों का प्रतिशत जो साल 2023 में शुन्य दशमलव एक–एक प्रतिशत था वह पिछले वर्ष घटकर शुन्य दशमलव शुन्य छह प्रतिशत रह गया है। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————————

मध्य–पूर्व रेलवे ने श्रावणी मेला के दौरान बढ़नी और देवघर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन गोरखपुर–छपरा–हाजीपुर– बरौनी– मुंगेर–सुल्तानगंज और भागलपुर के रास्ते नौ जुलाई से ग्यारह अगस्त तक चलायी जायेगी।

———————————————————————————

पटना के प्रमंडलीय आयुक्त चन्द्र शेखर सिंह ने बक्सर के जिला पंचायत पदाधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही उनके वेतन पर रोक लगाने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण के बगहा की विशेष अदालत ने दो शराब तस्करों को पांच–पांच साल की सश्रम कारावास और एक–एक लाख रूपये का जुर्माना लगाया है।

———————————————————————————

बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र के बनगांव में पुलिलस ने छापेमारी कर एक ट्रक से छह हजार छह सौ पन्द्रह लीटर विदेशी शराब जब्त की है। जब्त शराब का बाजार मूल्य सत्तर लाख रुपये से अधिक है।

———————————————————————————

बिहार के सन्नी कुमार ने बेगंलुरु में इंडियन ओपन एथेलेटिक्स मीट में लांग जंप के फाइनल मुकाबले में रजत पदक जीता है। उन्होंने सात दशमलव नौ मीटर लंबी छलांग लगाई। बिहार सरकार की ओर से सन्नी को प्रशिक्षण और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही थी।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रजनन दर से जुड़ी खबर पर लिखा है– साक्षर हुईं जीविका दीदियां तो तीस लाख परिवारों में प्रजनन दर घटी।

दैनिक जागरण ने मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़ी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– सत्यापन नहीं तो एक अगस्त से वोटर आईडी अमान्य।

दैनिक भास्कर ने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई के हवाले से लिखा है– धारा तीन सौ सत्तर आम्बेडकर के विचार के खिलाफ था।

प्रभात खबर लिखता है– बिना रिमांड आरोपी को छोड़ने पर जज को ट्रेनिंग पर भेजने का हाईकोर्ट ने दिया आदेश।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– अंतरिक्ष स्टेशन पर गूंजा भारत माता की जय का नारा।

आज अखबार की सुर्खी है– देश में पहली बार बिहार के नगर निकाय चुनाव में ई–मतदान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के श्रोताओं के साथ विचार साझा करेंगे।

02. प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का घर–घर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है।

03. नगर निकाय चुनावों में बासठ प्रतिशत से अधिक मतदान। पहली बार शुरू की गई ई–वोटिंग सुविधा के तहत सत्तर प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने डाले वोट। मतगणना कल होगी।

04. और, प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।